Air service to Surat in Gujarat

2166. SHRI RAMJI LAL : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether the textile city Surat in Gujarat, has not been linked with air;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) whether Government propose to link Surat with air; and

(d) if so, by when it is likely to be linked ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA) : fa') and (b) Vayudoot operations to and through Surat have been withdrawn after the first week of August 1992, due to commercial and operational reasons.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

नए हवाई अड्डों का विकास

2167. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान कुल कितने शहरों को विमान सेवा से जोड़ा गया है;

(ख) कितने नए हवाई अड्डों का निर्माण किए जाने का विचार है और उनमें से कितने हवाई अड्डों के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हो गई है;

(ग) अनुमोदित योजनाओं पर कब तक निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाने की संभावना है; और

(घ) गत दो वर्षों के दौरान हवाई अड्डों के विकास पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) इण्डियन एयर-लाइन्स पिछले दो वर्षों के दौरान भारत में 57 स्टेशनों के लिए परिचालन करती रही है ।

(ख) और (ग) अभी तक किसी भी नए हवाई अड्डे के निर्माण के प्रस्ताव को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

(घ) पिछले दो वर्षों के दौरान हवाई अड्डों के विकास के लिए राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण और भारत अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण का पूंजीगत व्यय निम्न प्रकार है :--

1990-91--117.73 करोड़ रुपए
1991-92--139.56 करोड़ रुपए

राजस्थान में पर्यटन के विकास के लिए धनराशि का आवंटन

2168. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1990-91 और 1991-92 के दौरान पर्यटन स्थलों के विकास के लिए राजस्थान को कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई थी;

(ख) इन पर्यटन स्थलों पर कितनी-कितनी राशि खर्च की गई और जिन पर्यटन स्थलों का विकास किया गया है उनका ब्यौरा क्या है और

(ग) पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में सरकार की भावी योजनाएं क्या हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) निम्नलिखित राशियां स्वीकृत की गई थीं :--

वर्ष 1990-91--152.31 लाख रुपए

वर्ष 1991-92--184.31 लाख रुपए

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान, पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को 165.34 लाख रुपए की राशि अवमुक्त की है ।

(ग) पर्यटन के लिए बनाई गई राष्ट्रीय कार्य-योजना में जैसलमेर-जोधपुर-बीकानेर